# प्रेस नोट दिनाँक 09.04.2021

**(1).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के निर्देशन में वाँछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना मारकुण्डी पुलिस ने 02 वारणटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

(क). श्री रमेश चन्द्र प्रभारी निरीक्षक मारकुण्डी तथा उनके हमराहियों द्वारा मु0अ0सं0 07/19 धारा 323/504/506 ipc के वारण्टी अभियुक्त रेहुटा पुत्र दयाराम निवासी छेरियां खुर्द थाना मारकुंडी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया

**गिरफ्तार करने वाली टीम:-**

1. श्री रमेश चंद्र प्रभारी निरीक्षक मारकुंडी
2. आरक्षी विनय कुशवाहा
3. आरक्षी अंकित शुक्ला

**(ख).** उ0नि0 श्री सलाउद्दीन खां थाना मारकुण्डी तथा उनके हमराही द्वारा मु0अ0सं0 48/15 धारा 216A ipc व 12/14 डीएए एक्ट के वारण्टी रविशंकर पुत्र नारायण प्रसाद तिवारी निवासी ग्राम गोपीपुर थाना मारकुंडी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया

**गिरफ्तार करने वाली टीम**

1. उ0नि0 श्री सलाउद्दीन खां थाना मारकुण्डी
2. आरक्षी अमित सिंह

**(2).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अंकित मित्तल के निर्देशन में कोविड-19 से बचाव हेतु चलाये जा रहे जागरुकता एवं चैकिंग अभियान में दिनाँक 08.04.2021 को जनपद चित्रकूट के समस्त थाना क्षेत्रों में कोरोना वायरस के सम्बन्ध में शासन द्वारा जारी गाइडलाइन एवं आदेश-निर्देशों के उल्लंघन एवं मास्क न लगाने पर थाना कोतवाली कर्वी में 24 व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 188/269 भादवि0 के तहत अभियोग पंजीकृत कर किये गये। जनपदवासियों से अपील की जाती है कि कोरोना वायरस के सम्बन्ध में शासन द्वारा जारी गाइडलाइन एवं आदेश-निर्देशों का पालन करें।

**(3). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के निर्देशन में आगामी चुनाव के दृष्टिगत रखते हुये अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में चित्रकूट पुलिस द्वारा भोली भाली जनता में भय आतंक फैलाकर गुण्डा गर्दी करने वाले 05 अभियुक्तों के विरुद्ध 03 यूपी गुण्डा एक्ट की तथा 23 अभियुक्तों के विरुद्ध धारा 110जी सीआरपीसी की कार्यवाही की गयी।**

**(क).** प्रभारी निरीक्षक रैपुरा श्री सुशीलचन्द्र शर्मा द्वारा अभियुक्त 1. भानु पुत्र छत्रपाल निवासी सिंहपुर 2. विनय उर्फ विधायक पुत्र दयाशंकर निवासी देवरा थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट के विरुद्ध धारा 03 यूपी0 गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी।

**(ख).** प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ श्री रवि प्रकाश द्वारा अभियुक्त 1. सरदारीलाल पुत्र रामगोविन्द निवासी लपांव 2. अबरार पुत्र रहूफ का निवास कस्बा व थाना बरगढ़ चित्रकूट के विरुद्ध धारा 03 यूपी0 गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी।

**(ग).** प्रभारी निरीक्षक मारकुण्डी श्री रमेशचन्द्र द्वारा अभियुक्त चन्द्रकुमार यादव पुत्र देशराज निवासी छिरिहा थाना मारकुण्डी जनपद चित्रकूट के विरुद्ध धारा 03 यूपी0 गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी।

**(घ).** प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री वीरेन्द्र त्रिपाठी द्वारा अभियुक्त 1. अर्जुन पुत्र मुन्ना निवासी लक्ष्मणपुरी 2. आदित्य पुत्र महावीर निवासी भारतपुर 3. आकाश पुत्र सोना निवासी गांधीगंज 4. सुनील पुत्र राजू निवासी रानीपुरभट्ट 5. रामबाबू पुत्र ननकावन सोनी निवासी गोकुलपुरी 6. राजा पुत्र पप्पू निवासी लौढ़वारा 7. शिवम पुत्र राजू निवासी रानीपुर भट्ट 8. काशी पुत्र रामलाल निवासी चितरागोकुलपुर 9. राजू पुत्र रामखिलावन निवासी रानीपुर भट्ट 10. वीरेन्द्र पुत्र महावीर निवासी भरतपुरी थाना कोतवाली कर्वी के विरुद्ध धारा 110 जी सीआरपीसी की कार्यवाही की जाती है।

**(च).** प्रभारी निरीक्षक राजापु श्री जयशंकर सिंह द्वारा अभियुक्त 1. ब्रजेश कुमार शुक्ला पुत्र रामभवन 2. बद्रीनाथ उर्फ छोटू पुत्र त्रिवेदी प्रसाद निवास भभेट 3. सनीस पुत्र महाजन निवासी हनुमानगंज 4. अद्दा उर्फ राघव पुत्र गेंदेलाल निवासी हनुमानगंज 5. संतोष सोनकर पुत्र बुधास निवासी हनुमानगंज 6. धर्मराज पुत्र बउरा निवासी भंभेट 7. छोटेलाल सोनकर पुत्र

नत्थू निवासी कारखाना 8. राजू पुत्र मूरतध्वज शुक्ला निवासी भटरी 9. लोली पुत्र बुधास निवासी हनुमानगंज 10. धीरसिंह पुत्र कमलेश निवासी अर्जुनपुर थाना राजापु चित्रकूट के विरुद्ध धारा 110 जी सीआरपीसी की कार्यवाही की गयी।

**(छ).** प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्री सुभाषचन्द्र चौरसिया द्वारा अभियुक्त 1. कौलाश पुत्र रजपाल 2. लवलेश पुत्र अयोध्या 3. सुखचेन पुत्र अयोध्या 4. अनिल उर्फ बबलू पुत्र महिपाल 5. विष्णु पुत्र महिपाल 6. जुगुल किशोर पुत्र महिपाल निवासीगण चुरेहकेशरुवा थाना मानिकपुर चित्रकूट के विरुद्ध धारा 110जी सीआरपीसी की कार्यवाही की गयी।

**(4).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के निर्देशन में आगामी चुनाव के दृष्टिगत रखते हुये अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्री अवधेश कुमार मिश्रा द्वारा अभियुक्त 1. कमलेश रैकवार पुत्र रामखिलावन 2. राहुल रैकवार पुत्र कमलेश रैकवार निवासीगण प्रसिद्धपुर थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट के विरुद्ध 2/3 गैगेंस्टर एक्ट की कार्यवाही की गयी। इन दोनों अभियुक्तों द्वारा गैंग बनाकर आर्थिक व भौतिक लाभ अर्जित किया जाता था।

**(5).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के निर्देशन में आगामी चुनाव के दृष्टिगत रखते हुये अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चौकी प्रभारी गनीवा श्री राधाकृष्ण तिवारी तथा उनकी टीम द्वारा अभियुक्त कल्लू उर्फ राममिलन पुत्र सुरिजभान 2. अवधबिहारी पुत्र रामचरन निवासीगण कंधबनिया थाना राजापुर चित्रकूट को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया । अभियुक्तों के विरुद्ध थाना राजापुर में मु0अ0सं0 83/21 धारा 60 आबकारी नियम पंजीकृत किया गया।

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-**

1. चौकी प्रभारी गनीवा श्री राधाकृष्ण तिवारी
2. आरक्षी पवन कुमार
3. आरक्षी संदीप कुमार

**(6).** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दृष्टिगत दिनाँक-08.04.2021 की रात्रि पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के निर्देशन में श्री संगमलाल गुप्ता उपजिलाधिकारी मानिकपुर एवं श्री सुबोध गौतम क्षेत्राधिकारी मऊ के नेतृत्व में तथा प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्री सुभाषचनद्र चौरसिया व चौकी प्रभार सरैंया श्री संदीप पटेल की उपस्थिति में थाना मानिकपुर अन्तर्गत ग्राम गढ़चपा, पतेरिया एवं सरैंया में जन चौपाल का आयोजन किया गया । जनचौपाल में महोदय द्वारा बताया गया कि होने वाले पंचायत चुनाव में किसी भी प्रकार के प्रलोभन में न आए, किसी के दबाव में न आए भयमुक्त होकर मतदान अवश्य करें। ग्राम में होने वाले किसी भी प्रकार के अवैध कार्य की सूचना पुलिस को अवश्य दें जिससे कि अवैध कार्य करने वालों के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जा सकें । कोविड-19 के दृष्टिगत समस्त लोगों से अपील की गयी कि कोरोना गाइडलाइन का पालन करें मास्क लगाकर ही घर से बाहर जाए तथा वैक्सीनेशन अवश्य कराये ताकि कोरोना वायरस से बचा जा सके । महोदय द्वारा बताया गया कि कोई भी अवैध शराब का सेवन न करें ।

**(7).** आज दिनाँक 09.04.2021 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अंकित मित्तल द्वारा पुलिस लाइन्स चित्रकूट में शुक्रवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। पेरड निरीक्षण के दौरान महोदय द्वारा आरटीसी रिक्रूट्स आरक्षियों के परेड की गुणवत्ता का अवलोकन किया गया जिस पर सभी उस्तादों को प्रशिक्षण में आवश्यक सुधार हेतु निर्देश दिये गये।

परेड के दौरान पुलिस लाइन्स ग्राउण्ड में दंगा-नियंत्रण रिहर्सल की गयी, जिसमें परेड में उपस्थित प्रभारी निरीक्षकों/चौकी प्रभारियों एवं समस्त कर्मचारियों को को दंगा नियंत्रण उपकरणों के सम्बन्ध मे विस्तृत रुप से बाताया गया, सभी उपकरणों की हैण्डलिंग करायी गयी तथा उनके उपयोग के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी । समस्त प्रभारी निरीक्षकों से दंगा नियंत्रण उपकरण चलवाकर देखे गये । थाना प्रभारियों के गाडियों में रखे दंगा नियंत्रण उपकरणों को चेक किया गया । महोदय द्वारा समस्त थाना/चौकी/शाखा प्रभारियों को बताया गया कि अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को समय समय पर दंगा नियंत्रण की हैण्डलिंग करवाते रहें ।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन्स/नगर श्री शीतला प्रसाद पाण्डेय, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन्स श्री सुमेर सिंह, समस्त प्रभारी निरीक्षक एवं चौकी प्रभारी तथा अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**(08).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के निर्देशन में गुमशुदा की बरामदगी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में श्री रामवीर सिंह चौकी प्रभारी सीतापुर तथा उनकी टीम द्वारा गुमशुदा अमिनेश तिवारी पुत्र लक्ष्मीरूप तिवारी निवासी बांधतालाब सीतापुर कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया।

उल्लेखनीय हैं कि दिनाँक-06.04.2021 को श्री लक्ष्मीरूप तिवारी निवासी बांधतालाब द्वारा कोतवाली कर्वी में अपने पुत्र अमिनेश त्रिपाठी के घर से कही चले जाने एवं काफी खोजबीन करने पर न मिलने के सम्बन्ध में गुमशुदगी दर्ज करायी गयी थी। प्रभारी चौकी सीतापुर गुमशुदा की तलाश हेतु अपनी टीम के साथ प्रयासरत थे कि आज दिनाँक-08.04.2021 को गुमशुदा अमिनेश तिवारी को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया।

**(09). त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दृष्टिगत दिनाँक-08.04.2021 को श्री अंकित मित्तल पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा थाना रैपुरा में समीक्षा गोष्ठी की गयी। समीक्षा गोष्ठी में महोदय द्वारा निम्नलिखित निर्देश दिये गये-**

(i). प्रभारी निरीक्षक रैपुरा को एरिया डोमिनेशन हेतु शेष ग्रामों की समीक्षा कर एरिया डोमिनेशन करने हेतु निर्देश दिये गये।

(ii). थाना क्षेत्र के शेष पोलिंग बूथ सेंटरों का भौतिक सत्यापन करने हेतु निर्देश दिये।

(iii). लाइसेंसी शस्त्रों की समीक्षा की गयी।

(iv). पूर्व के चुनाव में पंजीकृत हुए अभियोगों में कार्यवाही की समीक्षा की गयी।

(v). आदर्श आचार संहिता का शत-प्रतिशत पालन कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

(vi). प्रभारी निरीक्षक थाना रैपुरा को रूट मार्च और ग्राम चौपाल करने हेतु निर्देश दिये गये।

(vii). चुनाव में बाहर से आने वाली फोर्स के रूकने वाले स्थानों की समीक्षा कर समुचित व्यवस्था करने हेतु निर्देश दिये गये।

(viii). थाना क्षेत्र के संवेदनशील/अति संवेदनशील एवं संवेदनशील प्लस ग्रामों की समीक्षा करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

(ix). 10 साल के अपराधों से सम्बन्धित अपराधियों की समीक्षा कर उनके विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

(x). प्रभारी निरीक्षक थाना मऊ एवं बरगढ़ को अवैध शराब, अवैध शस्त्र, अवैध गांजा बेचने वालों पर कार्यवाही हेतु आवश्यक दिशआ निर्देश दिये गये।

(xi). थाना पर चुनाव के दृष्टिगत की गयी निरोधात्मक कार्यवाही की समीक्षा की गयी। अराजकतत्वों को चिन्हित कर ज्यादा से ज्यादा निरोधात्मक कार्यवाही हेतु निर्देश दिये गये।

(xii). डियूटी में लगाये जाने वाले क्लस्टर मोबाइल के रूटों की समीक्षा की गयी।

समीक्षा गोष्ठी में श्री सुशीलचन्द्र शर्मा प्रभारी निरीक्षक थाना रैपुरा, पीआरओ पुलिस अधीक्षक, श्री दिनेश सिंह पीआरओ, थाना रैपुरा में नियुक्त उपनिरीक्षकगण एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**(10).** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दृष्टिगत दिनाँक-08.04.2021 को श्री अंकित मित्तल पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा चौकी सरैया में क्षेत्राधिकारी मऊ श्री सुबोध गौतम एवं श्री संगमलाल गुप्ता उपजिलाधिकारी मानिकपुर की उपस्थिति में थाना मानिकपुर एवं थाना मारकुण्डी की समीक्षा गोष्ठी की गयी। समीक्षा गोष्ठी में महोदय द्वारा प्रभारी निरीक्षक थाना मानिकपुर एवं मारकुण्डी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

(i). प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर, मारकुण्डी को एरिया डोमिनेशन हेतु शेष ग्रामों की समीक्षा कर एरिया डोमिनेशन करने हेतु निर्देश दिये गये।

(ii). थाना क्षेत्र के शेष पोलिंग बूथ सेंटरों का भौतिक सत्यापन करने हेतु निर्देश दिये।

(iii). लाइसेंसी शस्त्रों की समीक्षा की गयी।

(iv). पूर्व के चुनाव में पंजीकृत हुए अभियोगों में कार्यवाही की समीक्षा की गयी।

(v). आदर्श आचार संहिता का शत-प्रतिशत पालन कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

(vi). ग्रामों में पुलिस बल के साथ रूट मार्च करें और ग्राम चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों को जागरूक करने हेतु निर्देश दिये गये।

(vii). चुनाव में बाहर से आने वाली फोर्स के रूकने वाले स्थानों की समीक्षा कर समुचित व्यवस्था करने हेतु निर्देश दिये गये।

(viii). थाना क्षेत्र के संवेदनशील/अति संवेदनशील एवं संवेदनशील प्लस ग्रामों की समीक्षा करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

(ix). 10 साल के अपराधों से सम्बन्धित अपराधियों की समीक्षा कर उनके विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

(x). प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर एवं मारकुण्डी को अवैध शराब, अवैध शस्त्र, अवैध गांजा बेचने वालों पर कार्यवाही हेतु आवश्यक दिशआ निर्देश दिये गये।

(xi). थाना पर चुनाव के दृष्टिगत की गयी निरोधात्मक कार्यवाही की समीक्षा की गयी। अराजकतत्वों को चिन्हित कर ज्यादा से ज्यादा निरोधात्मक कार्यवाही हेतु निर्देश दिये गये।

(xii). डियूटी में लगाये जाने वाले क्लस्टर मोबाइल के रूटों की समीक्षा की गयी।

(xiii). चुनाव सम्बन्धी कार्यवाही समय से करें तथा मांगी गयी सूचनाओं में समय से भेजें। लक्ष्य के अनुरूप कार्य करें, किसी भी प्रकार की शिथिलता/लापरवाही न करें अन्यथा दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

समीक्षा गोष्ठी में श्री सुभाषचन्द्र चौरसिया प्रभारी निरीक्षक थाना मानिकपुर, श्री रमेशचन्द्र प्रभारी निरीक्षक थाना मारकुण्डी एवं श्री संदीप कुमार पटेल चौकी प्रभारी सरैया, पीआरओ पुलिस अधीक्षक श्री दिनेश सिंह, उपनिरीक्षकगण एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**(11).** उ0प्र0 शासन द्वारा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला कल्याण एवं बाल विकास के लिए चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के निर्देशन में दिनांक 09.04.2021 को एण्टी रोमियो टीम थाना मऊ द्वारा ग्राम अहिरी में, बस स्टैण्ड मऊ, यमुना रोड कस्बा मऊ में, एण्टी रोमियो टीम महिला थाना द्वारा ब्रह्मचर्य इण्टर कॉलेज कर्वी में भ्रमण कर, एण्टी रोमियो टीम थाना राजापुर द्वारा के0एल0पी0 इण्टर कॉलेज कलवलिया में, क्योटरहा में, एण्टी रोमियो टीम थाना मारकुण्डी में ग्राम खदरा कोलान व ग्राम छेरिया बुजुर्ग में भ्रमण कर महिलाओं/बालिकाओं को वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने-अपने थाना के सीयूजी नम्बर के बारें में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया साथ ही मास्क लगाने एवं कोविड-19 के नियमों का पालन करने हेतु बताते हुये कोरोना वैक्सीन के प्रति जागरुक किया गया। एण्टी रोमियों टीम की महिला आरक्षियों द्वारा बालिकाओं को स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी दी गयी। एण्टी रोमियो टीम के सदस्यों द्वारा छात्राओं/बालिकाओं से उनके साथ घटित किसी भी प्रकार की समस्याओं के बारें में पूछा गया एवं आवश्यकता पड़ने पर सम्बन्धित थाना प्रभारी/एण्टी रोमियों टीम प्रभारी व उ0प्र0 पुलिस द्वारा संचालित महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं हेतु चलाये जा रहे नम्बरों पर काल करने हेतु कहा गया।

**(12).** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट, क्षेत्राधिकारी मऊ व क्षेत्राधिकारी नगर/राजापुर के नेतृत्व में थाना/चौकी प्रभारियों ने पुलिस टीम के साथ अपने-अपने क्षेत्र में पैदल गस्त/रूट मार्च एवं जनचौपाल कर ग्रामीणों से जनसंवाद कर निर्भीक एवं स्वतंत्र रूप से मतदान करने हेतु बताया गया। सभी से अपील की गयी कि आदर्श आचार संहिता का पालन करें, अवैध शराब का सेवन बिल्कुल न करें एवं अवैध कार्य करने वालों की सूचना पुलिस को दे।

**(13).** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दृष्टिगत दिनाँक-09.04.2021 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के निर्देशन में श्री संजय उपाध्याय प्रभारी निरीक्षक थाना भरतकूप के नेतृत्व में थाना पुलिस टीम एवं पीएसी बल ने म0प्र0 सीमावर्ती ग्राम संवेदनशील ग्राम खम्भहरिया, बंदरी, मानपुर में एरिया डोमिनेशन कर फ्लैग मार्च किया गया। पुलिस टीम द्वारा फ्लैग मार्च कर जनता से निर्भीक एवं स्वतंत्र रूप से मतदान करने तथा चुनाव के दौरान अवैध कार्यों की सूचना तत्काल पुलिस को देने हेतु अपील की। प्रभारी निरीक्षक थाना भरतकूप द्वारा ग्रामों के एचएस की चेकिंग की भी गयी। समस्त ग्रामवासियों को आदर्श आचार संहिता का पालन करने हेतु बताया गया। महोदय द्वारा ग्रामवासियों से कोविड-19 गाइडलाइन का पालन करने तथा मास्क लगाने व सोशल डिस्टेन्सिंग का पालन करने हेतु बताया।

**(14).** आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दृष्टिगत दिनाँक-09.04.2021 को श्री सुबोध गौतम क्षेत्राधिकारी मऊ की अध्यक्षता में श्री रमेशचन्द्र प्रभारी निरीक्षक थाना मारकुण्डी की उपस्थिति में थाना मारकुण्डी अन्तर्गत अतिसंवेदनशील ग्राम इटवांस डुडैला में जनचौपाल आयोजित की गयी। जनचौपाल में महोदय द्वारा बताया गया कि होने वाले पंचायत चुनाव में किसी भी प्रकार के प्रलोभन में न आए, किसी के दबाव में न आए भयमुक्त होकर निष्पक्ष रूप से मतदान करें। ग्राम में होने वाले किसी भी प्रकार के अवैध कार्य की सूचना पुलिस को अवश्य दें जिससे कि अवैध कार्य करने वालों के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जा सकें। कोविड-19 के दृष्टिगत समस्त लोगों से अपील की गयी कि कोरोना गाइडलाइन का पालन करें मास्क लगाकर ही घर से बाहर जाए तथा वैक्सीनेशन अवश्य कराये ताकि कोरोना वायरस से बचा जा सके। महोदय द्वारा बताया गया कि कोई भी अवैध शराब का सेवन न करें। महोदय द्वारा शांतिपूर्ण ढ़ंग से चुनाव सम्पन्न कराने हेतु प्रशासन का सहयोग करें तथा आदर्श आचार संहिता का पालन करने की अपील की।

**(15).** आज दिनांक 09-04-2021 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के निर्देशन में श्री घनश्याम पाण्डेय यातायात प्रभारी एवं उ0नि0 यातायात श्री योगेश कुमार यादव द्वारा पटेल तिराहा, एलआईसी तिराहा, ट्राफिक चौराहा कर्वी में कोरोना के बढ़ते संक्रमण के दृष्टिगत लोगों को जागरूक किया तथा सभी से अपी की गयी कि अपने घर से बाहर निकलते समय मास्क अवश्य लगाए तथा भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर सोशल डिस्टेन्सिंग का पालन करें। यातायात पुलिसकर्मियों द्वारा बिना मास्क लगाये हुए व्यक्तियों को मास्क वितरित कर मास्क लगाने हेतु प्रेरित किया। यातायात प्रभारी द्वारा लाऊडहेलर के माध्यम से मास्क लगाने एवम सोसल डिस्टेंसिंग का पालन करने के लिए लोगों को जागरूक किया गया साथ ही साथ मास्क लगाकर न चलने वाले 75 व्यक्तियों का चालान कर 15000 रुपये समन शुल्क वसूल किया गया। तदोपरांत मोटरसाइकिल पर तीन सवारी बिना हेलमेट एवम 04 पहिया हल्के वाहन में सीटबेल्ट न लगाने वाले लोगों का एम0व0 एक्ट में चालान किया गया तथा काली फ़िल्म लगी 4 स्कार्पियो गाड़ियों का काली फ़िल्म उतरवाकर चालान किया गया 02 मोटर साइकिल सीज की गयी।